लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4591
30 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

पी.एम. मित्र पार्क की स्थापना

4591. श्री पी. रविन्द्रनाथ:
क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मेगा एकीकृत टैक्सटाइल क्षेत्र और परिधान (पी.एम.मित्र) के तहत 7 मेगा एकीकृत टैक्सटाइल क्षेत्र और परिधान पार्कों की स्थापना के प्रस्ताव की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने तमिलनाडु सहित राज्यों में ऐसे पार्कों की स्थापना पांच वर्षों के भीतर पूरा करने का निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने इसके लिए स्थान की पहचान भी कर ली है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे पार्कों को समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए अनुवर्ती कदमों और सरकार द्वारा अब तक आवंटित की गई निधियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वस्त्र राज्य मंत्री
(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) और (ख): सरकार ने वर्ष 2027-28 तक अर्थात् सात वर्षों की अवधि में 4,445 करोड़ रु. के परिव्यय से प्लग एंड प्ले सुविधा सहित ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड क्षेत्रों में विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे का विकास करने के लिए 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और अपैरल (पीएम मित्र) पार्कों की स्थापना को मंजूरी दी है।

(ग) और (घ): पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए राज्य सरकारों से अब तक 17 प्रारंभिक परियोजना रिपोर्टें (पीपीआर) प्राप्त हुई हैं। जिनका विवरण इस प्रकार है:-

क्र.सं.	**राज्य का नाम**	**प्रस्तावों की संख्या (प्रस्तावित स्थान)**
1	कर्नाटक	2(दो) - (i) विजयपुरा, (ii) गुलबर्गा
2	आंध्र प्रदेश	कडपा
3	राजस्थान	जोधपुर
4	उड़ीसा	गंजम
5	गुजरात	नवसारी
6	मध्य प्रदेश	4(चार) (i) रतलाम, (ii) देवास, (iii) धार और (iv) कटनी
7	तेलंगाना	वारंगल
8	पंजाब	लुधियाना
9	छत्तीसगढ	महासमुद
10	उत्तर प्रदेश	लखनऊ/हरदोई
11	बिहार	पश्चिमी चंपारण
12	तमिलनाडु	विरुधनगर
13	महाराष्ट्र	अमरावती

राज्य सरकारों से प्राप्त पीपीआर से पीएम मित्र पार्कों के लिए स्थानों का चयन परियोजना अनुमोदन समिति द्वारा चुनौती मैट्रिक्स के माध्यम से किया जाएगा। पीएम मित्र पार्कों को कार्यशील बनाने के लिए लक्ष्य, योजना के परिचालित दिशानिर्देशों में दिए गए हैं, जिनकी विधिवत निगरानी की जाएगी।

*****